तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 11 जून 2025




13 विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रोहिना ..


14 मोर गांव-मोर पानी अभियान की तैयारियों की ली ...




## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक व्यक्ति से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले वकील के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मकसूद कुरैशी निवासी वार्ड नं 15 देहानी भाठा बागबाहरा ने बताया कि 7 जून को रात 7.45 बजे वह फुलवारी पारा चौक में मोबिन कुरैशी के घर के सामने त्यौहार व पारिवारिक कार्य होने के कारण सभी लोगों के साथ बैठा हुआ था, इसी दौरान पेशे से वकील अब्दुल कादिर जिलानी अपनी स्कूटी से आया और स्कूटी में बैठकर ही उसे घूरते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** हाईवा के पीछे से टकराने से एक वाहन चालक की मौत हो गई। घटना को लेकर प्रार्थी मनीष श्रीवास निवासी वार्ड नं0 16 इंदिरा नगर सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग ने बसना पुलिस को बताया कि 9 जून की रात की रात्रि करीबन 10 बजे अपने साथी जितेंद्र वर्मा के साथ उसके वाहन 407 क्रमांक सीजी 07 सीए 7058 में रेलवे का सामान भरकर कोहका भिलाई से बरपाली ओडिशा जा रहा था। वाहन को जितेंद्र वर्मा चला रहा था। 10 जून को करीबन 3.30 बजे थाना बसना अंतर्गत एनएच 53 रोड ग्राम बरबसपुर के पास अज्ञात हाईवा वाहन को बिना संकेतक दिये उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक खड़ा कर दिया था, जिससे उनका वाहन टकरा गया, जिससे जितेंद्र वर्मा के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### फॉरेस्ट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 13 को

**महासमुंद।** फारेस्ट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 13 जून को होगा। जेनेसिस वर्सेस नम्रता स्ट्राइकर्स के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। आज हुए सेमीफाइनल मुकाबले में नम्रता स्ट्राइकर्स ने कृष्णा वारियर्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में कृष्णा वारियर्स ने निर्धारित दस ओवरों में 127 रन बनाए और नम्रता स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नम्रता स्ट्राइकर्स की टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने पावर प्ले के शुरुआती दो ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए मजबूत शुरुआत दी। नम्रता स्ट्राइकर्स के कप्तान लखन यादव ने 57 रनों का योगदान दिया। नम्रता स्ट्राइकर्स ने महज तीन विकेट के नुकसान में 9 वें ओवर में ही निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

# 5 साल में सस्ती हुई अरहर, थाली में बढ़ेगा स्वाद और पोषण भी मिलेगा

**200 से 250 रुपए में बिक रही थी अरहर दाल, अब मिलेगी 70 से 100 रुपए प्रति किलो**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पहले दाल-भात को गरीबों का भोजन कहा जाता था, लेकिन पिछले कई सालों से सभी दालों की कीमत लगातार बढ़ती जा रही थी। इससे आमजन की थाली से दाल गायब हो गई थी। पांच सालों के बाद अरहर की दाल थोड़ी सस्ती हुई है। इससे अब थाली में स्वाद और पोषण मिल रहे हैं।

बीते साल अरहर दाल के भाव चिल्हर में 200 से 250 रुपए प्रति किलोग्राम थे। वहीं इस वर्ष अरहर दाल 100 से 150 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार अरहर दाल की फसल बहुत अच्छी हुई है। इससे मार्केट में सप्लाई बढ़ी है। वहीं थोक की बात करें अरहर दाल की कीमत 70 से 100 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

### जमकर हो रही दालों की खरीदी

शादी सीजन में दालों के दाम में नरमी आने से लोगों को काफी राहत है। थोक और चिल्हर व्यापारियों का कहना है कि दालों के भावों में कटौती होने से इसका असर ग्राहकों पर पढ़ रहा है अब लोग दालों की खरीदारी जमकर कर रहे हैं। दाल खरीदने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ दिखाई देने लगी है। वहीं कई कई ग्राहकों का कहना है कि बेमौसम बारिश होने की वजह से अब हरी सब्जियां महंगी हो गई है। इसलिए वे दाल खरीदकर ले जा रहे हैं।



### मूंग, मसूर और चना भी सस्ता

व्यापारियों ने बताया कि इस साल छत्तीसगढ़ के कवर्धा, बेमेतरा, बिलासपुर और भाटापारा में अरहर दाल की फसल अच्छी हुई है। प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से भी दाल की आपूर्ति हो रही है। अगर अरहर दाल की आवक बाजार में इस प्रकार बनी रहेगी तो आने वाले दिनों में और भी सस्ती हो जाएगी। दाम कम होने से आम ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है।

### मटर दाल का उपयोग

व्यापारियों का कहना है कि पिछले पांच साल में पहली बार अरहर दाल के दाम 100 से 150 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंचे हैं। बता दें कि बीते सालों में अरहर दाल की कीमत लगातार बढ़ रही थी और आसमान को छू लिया था। पिछले साल अरहर दाल 200 से 250 रुपए प्रति किलोग्राम बिकी है। इससे लोग अरहर दाल खरीदना ही बंद कर दिए थे। इसकी जगह लोग दूसरी दालों या मटर का उपयोग कर रहे थे। व्यापारियों के अनुसार इस बार अरहर दाल के साथ उरद, मूंग, मसूर और चने की दालों की कीमत में भी गिरावट आई है।

**तैयारी:** वर्षा ऋतु से पहले की तैयारी, महानदी के तटीय इलाकों के लिए तैयारी जारी

# बाढ़ आपदा से निपटने हुई मॉकड्रिल नए पुराने संसाधनों की हुई परख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बाढ़ आपदा से निपटने के लिए रविवार को खरोरा के तालाब में मॉकड्रिल की गई। नगर सेना ने इस दौरान उपलब्ध संसाधनों को परखा गया। बाढ़ से निपटने के लिए दो बोट, 40 लाइफ जैकेट व मनिला कटर आदि की व्यवस्था है। बाढ़ आपदा आने पर सबसे पहले बचाव के लिए इन्हीं उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। बांधों से पानी छोड़ने पर ही नदियों का जलस्तर बढ़ता है। महानदी के आस-पास के गांव ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कमी आई। कई जगह पक्के घाट बनाए गए हैं। इसके अलावा पुल और पुलिया की ऊंचाई बढ़ाई गई है। जिससे पहले जैसी स्थिति नहीं है। 2020-21 तक 79 गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आते थे, लेकिन इनकी संख्या में कमी आई है। अब लगभग 39 गांव ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में आते हैं। महानदी, सूखनदी और कोडार बांध के तहत यह गांव आते हैं। पिछले पांच वर्षों में किसी गांव में बाढ़ जैसे हालात नहीं बने हैं। फिर भी प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जाती है। मानसून सीजन में जब लगातार बारिश होती है और नदी-नाले उफान पर होते हैं, तभी ऐसी स्थिति बनती है।



### बाढ़ आपदा के लिए यह संसाधन तैयार

बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बोट 2, इमरजेंसी लाइट 2, लाइफ जैकेट 40, लाइफ ब्वाय 40, मनिला रोप 10, नायलोन रोप 8 और पेड़ कटर 2 हैं। इधर, जिला मुख्यालय में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की सुविधा रहेगी। कंट्रोल रूम में वर्षा ऋतु तक कार्य करेगा। जिला सेनानी अनुज कुमार ने बताया कि रविवार को खरोरा के तालाब में मॉकड्रिल की गई।

### कंट्रोल रूम होगा शुरू

जिला मुख्यालय में एक जून से जिले 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की सुविधा की शुरुआत की जा चुकी है। कंट्रोल रूम में वर्षा ऋतु तक कार्य करेगा। पिछले दिनों कलेक्टर ने दूरस्त इलाकों में पहले से ही खाद्यान्न, नमक, कैरोसीन व दवाइयों के भंडारण के निर्देश दिए थे।

# बाइक सवारों से 1.35 लाख रुपए का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बाइक से गांजा का अवैध परिवहन

- तस्करों को पटेवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कर रहे लोगों को पटेवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से 1.35 लाख का 9 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। मामले में दो लोगों को नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 9 जून को सूचना मिली थी कि मोटर सायकल होंडा शाईन क्रमांक सीजी 04 पीएन 8841 में दो व्यक्ति बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर सांकरा की ओर से रायपुर की ओर परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद एनएच 53 रोड बोड़रा पड़ाव पहुंचकर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार मोटर सायकल से दो व्यक्ति आते दिखे। जिन्हें रोककर उनसे पूछताछ की गई, जिस पर बाइक चला रहे संदेही ने अपना नाम पवन कुमार श्रीवास पिता स्व. जगमोहन श्रीवास (26 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 19 ग्राम चिल्हाटी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर (छ.ग.) हाल पता- एसकेएस 20 कालोनी सिलतरा थाना धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम यमनप्रकाश पटेल पिता संतोष पटेल (23 वर्ष) निवासी ग्राम बोईदासिरली थाना हरदीबाजार जिला कोरबा (छ.ग.) हाल पता- एसकेएस 20 कालोनी सिलतरा थाना धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) का रहने वाला बताया। बैग में रखे सामान के बारे में पूछने पर उसमें गांजा होना बताया तथा उक्त गांजा को जमील खान रायपुर के माध्यम से ढाबा (ओडिसा) से रायपुर के जमील खान के लिए ले जाना बताया । आरोपियों के कब्जे से 9 किलोग्राम गांजा कीमत 1,35,000 रुपए, बाइक, मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और गिरफ्तार किया गया।

## बेलसोंडा की महिलाओं ने की पंचायत सचिव की शिकायत



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा के महिलाओं ने पंचायत सचिव की शिकायत जिला कलेक्टर से की है। महिलाओं ने शिकायत पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री आवास सेल्प सर्वे हुआ, जिसका सत्यापन सचिव द्वारा बिना बताए किया जा रहा है। हम गरीब लोग हैं। मेहनत मजदूरी कर अपने जीवन यापन करते हैं। प्रधानमंत्री आवास की आस में है कि हमारी बारी कब आएगी। सरकार हमें पक्का मकान देने का वादा किया है। सरकार चाहती है कि गरीब को भी पक्का मकान में रहने का सुख मिले। लेकिन, निचले स्तर के कर्मचारी हमारे सपनों को बिखरने में लगी है। एक घर के अंदर चार अलग-अलग परिवार रहते हैं और कच्चा मकान भी है। लेकिन, पंचायत सचिव द्वारा घर के भीतर प्रवेश किए बिना ही बाहर पक्की दीवार का फोटो खींच सामने खड़ा होकर फोटो खिंचाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कलेक्टर से की गई शिकायत में ग्रामीण महिलाओं ने पंचायत सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# शहीद आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि, प्रशासन ने 2 मिनट का मौन रखकर जताया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला कार्यालय में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक की शुरुआत शहीद श्रद्धांजलि से की गई। बीते दिनों सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरिपुंजे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद अधिकारी के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर रविराज ठाकुर, एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। सीईओ एस आलोक ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे जैसे जांबाज पुलिस अधिकारियों की शहादत को देश कभी भुला नहीं सकता। वे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए दिया गया उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि शहीद आकाश राव ने बतौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महासमुंद जिले में अपनी सेवाएं देकर जन मानस में अपने कार्यशैली, व्यवहार और व्यक्तित्व से अमिट छाप छोड़ी है।



**ग्रामीणों ने की जांच की मांग, सूचना पोर्टल पर योजनाएं दर्ज नहीं**

# 55 लाख से अधिक के विकास कार्यों में गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

जिले की जनपद पंचायत बसना में वर्ष 2024-25 के लिए कुल 1 करोड़ 36 लाख 58 हजार 140 की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई थी। इस राशि से 102 ग्राम पंचायतों में 45 कार्यों को मंजूरी मिली, जिनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करना था। लेकिन, इन कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

जनपद की पूर्व अध्यक्ष रुक्मणी सुभाष पटेल का निवास ग्राम बिछिया है, जहां कुल 55 लाख 70 हजार 645 रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि ये कार्य न सिर्फ निम्न गुणवत्ता के हैं, बल्कि इनमें पारदर्शिता भी नहीं बरती गई है। यहां कराए गए कुछ प्रमुख कार्यों में पानी टैंकर क्रय: 2,00,000, नवीन तालाब निर्माण (पहला): 20,00,000, नवीन तालाब निर्माण (पहाड़ के नीचे): 17,35,395, पचरी निर्माण कार्य: 2,83,350, सीसी रोड निर्माण (पहला): 5,50,000, नवीन तालाब निर्माण (तीसरा): 4,00,000, सीसी रोड निर्माण (दूसरा): 4,00,000।

### सूचना पोर्टल पर नहीं दर्ज योजनाएं

सबसे गंभीर बात यह है कि ग्राम बिछिया में कराए गए इन विकास कार्यों की जानकारी किसी भी शासकीय सूचना पोर्टल, वेबसाइट या ग्राम सभा के सूचना पट पर दर्ज नहीं है। ग्रामवासियों का कहना है कि वे इन कार्यों की जानकारी प्राप्त करना चाहते थे, लेकिन कहीं से भी उन्हें इनकी विधिवत सूचना नहीं मिली।




### ग्रामीणों की नाराजगी, जांच की मांग

ग्रामीणों ने इन कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संदेह जताया है कि कई कार्य सिर्फ कागजों पर दिखाए गए हैं या फिर अधूरे व घटिया तरीके से किए गए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से शिकायत करते हुए इन कार्यों की स्वतंत्र तकनीकी जांच की मांग की है।

### पारदर्शिता पर सवाल, शासन की योजनाओं को नुकसान

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा जारी की गई राशि यदि सही ढंग से खर्च की जाती तो ग्राम बिछिया में बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार देखा जाता। लेकिन, सूचना के अभाव और गुणवत्ता की अनदेखी से सरकारी योजनाएं सवालों के घेरे में आ गई हैं।

### प्रशासन की चुप्पी, ग्रामीणों की नजरें जांच पर टिकीं

फिलहाल, इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत बसना या जिला प्रशासन की कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों की नजर अब प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हुई है।

इस संबंध में जनपद पंचायत बसना के एसडीओ नयन प्रधान का कहना है कि ग्राम पंचायत बिछिया में विकास कार्य हुआ है, जिसका मूल्यांकन बाकी है और 40 प्रतिशत भुगतान हो चुका है।

# दुर्घटना में घायल हुए कपड़ा व्यवसायी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बागबाहरा-झलप मार्ग में कॉलेज के

- बागबाहरा से झलप मार्ग में कालेज के पास हुआ हासदा, घटना में बाइक सवार दो लोग भी हुए जख

पास तेज रफ्तार बाइक की चपेट में घायल हुए बागबाहरा के कपड़ा व्यवसायी सतबीर सिंह छाबड़ा (46) का अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना में बाइक में सवार दो लोग भी जख्मी हुए हैं। जिनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार रविवार रात लगभग 10 बजे सतबीर छाबड़ा बागबाहरा से आ रहे अपने परिजन का इंतजार कर रहे थे। उसी समय लघुशंका के लिए वे सड़क किनारे गए। वापस आते समय बागबाहरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद उन्हें शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन, उपचार के दौरान सतवीर सिंह छाबड़ा का निधन हो गया। वहीं बाइक चालक ग्राम सुखरीडबरी निवासी लेखराम दीवान (50) एवं दुर्गा प्रसाद दीवान (45) का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125, 106 के तहत चालक लेखराम के विरूद्ध मामला पंजीकृत कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस ने शव का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया।



## खबर संक्षेप



### विश्वकर्मा ने ली लौह शिल्पियों की बैठक

**रायपुर।** छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा से जिला कोण्डागांव के लौह शिल्पियों ने मुलाकात की। बैठक में शिल्पियों के पंजीकरण पर चर्चा, प्रशिक्षण, सामाजिक विकास, परम्परागत एवं वंशानुगत लौह शिल्पियों का पंजीयन, लौह शिल्पी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त 60 वर्ष से अधिक हैं, उन्हें पेंशन की सुविधा दी जाए एवं कोंडागांव में शिल्पी द्वारा बनाई गई वस्तुओं का लौह शिल्पकार बोर्ड की ओर से एम्पोरियम बनाए जाने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने लौह शिल्पियों से कहा कि लौह शिल्पकार बोर्ड शिल्पकारों के संवर्धन व समग्र उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। बैठक में प्रमुख रूप से शंकरलाल विश्वकर्मा, छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड एवं उपाध्यक्ष लोहार समाज बस्तर संभाग सनतराम विश्वकर्मा, राजकुमार कोयाम, नंदलाल विश्वकर्मा, श्याम सुंदर सोढ़ी एवं बड़ी संख्या में लौह शिल्पी कारीगर उपस्थित थे।

### भाटिया की रिमांड तीसरी बार बढ़ी

**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए कारोबारी विजय भाटिया की ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत ने तीसरी बार पुलिस रिमांड बढ़ाए जाने फैसला सुनाया है। सोमवार को रिमांड समाप्त होने के बाद ईओडब्ल्यू ने भाटिया को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जहां ईओडब्ल्यू के वकील ने विजय भाटिया की 16 जून तक रिमांड देने मांग की। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के आवेदन पर तीन दिन की रिमांड स्वीकार करते हुए 12 जून तक रिमांड पर दिया।

### बिजली ठेका कर्मचारियों का जल्द होगा वेतन पुनरीक्षण



**रायपुर।** विद्युत ठेका श्रमिक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय सहित पदाधिकारियों ने सोमवार को श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात की। इस मौके पर संघ प्रदेशाध्यक्ष श्री राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक संघ के विद्युत कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा-3 (ख) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा हर पांच साल में श्रमिकों के वेतन को पुनर्विलोकन- पुनरीक्षण किए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में श्रम विभाग द्वारा अंतिम बार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 में अधिसूचित नियोजन के लिए न्यूनतम वेतन दरों का पुनरीक्षण किया गया था, इसके बाद नियमानुसार वर्ष 2022 में पुनर्विलोकन-पुनरीक्षण होना था, किंतु 2017 के बाद से वेतन दरों का पुनरीक्षण-पुनर्विलोकन नहीं किया गया है। इससे प्रदेश के अंतर्गत कार्य करने वाले लाखों श्रमिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सुध : वर्षों से की जा रही थी शिकायत, अब कार्रवाई में उतरे अफसर

# गढ़फुलझर में करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा, अब प्रशासन आया हरकत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना





गढ़फुलझर के हृदय स्थल पर स्थित करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि पर वर्षों से चल रहे अवैध कब्जे का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई की ओर बढ़ रहा है। इस बहुमूल्य जमीन पर विजय पांडे नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मकान, दुकान और गोदाम का निर्माण कर न केवल कालाबाजारी की जा रही थी, बल्कि शासन-प्रशासन को भी करोड़ों का नुकसान पहुंचाया जा रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित द्वारा इस अवैध कब्जे की शिकायत कई वर्षों से तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर स्तर तक की जा रही थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी, जिससे निराश होकर पीड़िता ने एक बार फिर बसना अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी मनोज खंडे को आवेदन सौंपा। अधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित जांच के निर्देश दिए और 09 जून 2025, सोमवार को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की टीम को मौके पर भेजा गया। टीम द्वारा किए गए सीमांकन (नाप-तौल) में स्पष्ट रूप से पाया गया कि विजय पांडे ने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर रखा है। जांच प्रतिवेदन अब उच्च अधिकारियों को सौंपा गया है, और आगे की कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

शिकायतकर्ता सभी दस्तावेज़, फोटो व वीडियो साक्ष्य सुरक्षित रखें, ज़रूरत पड़ने पर वकील की मदद लें। अगर कब्जा गंभीर स्थिति पैदा कर रहा है, तो स्थानीय पुलिस की मदद भी ली जा सकती है।

### लंबे समय से शिकायत, अब जागा प्रशासन

यह भूमि, जिसकी वर्तमान बाजार दर करोड़ों में आंकी गई है, गढ़फुलझर के मुख्य इलाके में स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से यह अवैध कब्जा प्रशासन की आंखों के सामने फल-फूल रहा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। क्षेत्रवासी अब मांग कर रहे हैं कि इस प्रकार के मामलों में तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए।

### सरकारी जमीन पर कब्जा, क्या कहता है कानून?

सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा एक दंडनीय अपराध है। इसे हटवाने की प्रक्रिया इस प्रकार होती है। शिकायत दर्ज करना: पीड़ित संबंधित राजस्व विभाग या ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकता है। जांच: अधिकारियों द्वारा जमीन की मिल्कियत और कब्जे की वैधता की जांच होती है। सीमांकन: अवैध कब्जा स्पष्ट करने के लिए जमीन का सीमांकन किया जाता है। कार्रवाई: कब्जा प्रमाणित होने पर नोटिस दिया जाता है। अनुपालन न करने पर अतिक्रमण हटाने की कानूनी कार्रवाई होती है। अदालती विकल्प: ज़रूरत पड़ने पर पीड़ित विशेष सिविल कोर्ट में विशिष्ट राहत अधिनियम, 1963 की धारा 5 और 6 के अंतर्गत केस दर्ज करा सकता है।

# आदिवासी समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष पहुंचे थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

आदिवासी महासंघ कौड़यिा परिक्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने मंगलवार को थाना के सामने जमीन पर बैठकर पूर्व अध्यक्ष रनसाय ठाकुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। समाज का आरोप है कि पूर्व अध्यक्ष द्वारा पिछले 15 वर्षों का लेखाजोखा और समाज से एकत्र की गई धनराशि का अब तक हिसाब नहीं दिया गया है, जिससे समाज को करीब 26 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

आदिवासी समाज के महासचिव श्याम नेताम ने बताया कि इससे पहले भी प्रशासनिक स्तर पर बैठक हुई थी, जिसमें पूर्व अध्यक्ष रनसाय ठाकुर ने स्वयं हिसाब प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके अब तक कोई जानकारी या लेखाजोखा सामने नहीं आया है। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह समाज के साथ धोखाधड़ी है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सामाजिक लोग देर शाम तक थाना परिसर के सामने डटे रहे और यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो राष्ट्रीय राजमार्ग 53 को जाम करने की चेतावनी दी। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# संकुल केंद्र कोलिहादेवरी में प्रधानपाठकों के साथ सत्रारंभ पूर्व हुई तैयारी बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विकासखंड के संकुल केंद्र कोलिहादेवरी अंतर्गत समस्त विद्यालयों के प्रधान पाठकों की अतिआवश्यक बैठक संकुल के नोडल प्राचार्य दिवाकर बारिक की उपस्थिति एवं संकुल समन्वयक सुरेश नंद के दिशा निर्देश में हुई। बैठक में विभिन्न जानकारियां दी गई। इसमें शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण, टीवीसी एप पंजीयन सह प्रशिक्षण, पीएफएमएस की राशि का समुचित उपयोग, ईको क्लब के तहत पौधारोपण, संरक्षण, रखरखाव यू- डाइस में विद्यार्थियों का अपग्रेडेशन पूर्ण करने, शौचालय की साफ सफाई एवं पेयजल की जांच, किचन शेड मरम्मत, साफ सफाई, एमडीएम चावल की सफाई एवं बरसात पूर्व रख रखाव एमडीएम संचालन समिति की आवश्यक बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देना, समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, प्रधान पाठक की डायरी का संधारण जिसमें विद्यालय की समस्त जानकारी आईडी-पासवर्ड सहित संधारित रखना एवं पृथक से उसकी एक प्रति शाला में उपलब्ध करने के दिशा निर्देश दिए गए। शाला विकास समिति की बैठक लेकर आगामी तीन माह का प्लान तैयार करने एवं पुनर्गठन करने का भी निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में नोडल प्राचार्य ने आवश्यक सभी पंजियों का संधारण एवं उचित रख-रखाव जिल्द चढ़ा कर रखने का निर्देश दिया। वार्षिक कैलेंडर बनाकर शत प्रतिशत प्रवेश लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पालकों से संपर्क करना, शाला समय 16 जून से 10 से 4 तक सुनिश्चित करने का प्रधान पाठक को ध्यान देने को कहा गया। शाला में भ्रमण पंजी, अवकाश पंजी संधारित करने के लिए अनिवार्य रूप से शिक्षक डायरी का संधारण करने के साथ आरंभ से ही विद्यार्थी विकास सूचकांक तैयार किया जाने बाबत प्रयास पर जोर दिया गया। अपार आईडी के लिए नव प्रविष्ट छात्रों का आधार कार्ड का मिलान अवश्य करने का निर्देश दिया गया। जाति प्रमाण- पत्र की जानकारी के लिए प्रभारी नियुक्त करने एवं शुरू से आवश्यक दस्तावेज मांगने के लिए निर्देश दिए गए। दिव्यांग छात्रों की समस्त जानकारी बैंक खाता, प्रमाण पत्र आदि की जानकारी अपडेट रखने के लिए, शाला भवन की स्थिति, मरम्मत संबंधी जानकारी की समीक्षा, छात्रवृत्ति रजिस्टर का संधारण, प्रार्थना सभा का आयोजन प्रत्येक दिवस साउंड सिस्टम के साथ करने का दिशा निर्देश दिया गया। विगत सत्र 2025 पीएफएमएस राशि के उपयोग एवं कैश बुक आदि पूर्णता करने के संबंधी बैठक में जानकारी दी गई। दर्ज संख्या की जानकारी लक्ष्य पहली, छठवीं, नवमी तक एवं अन्य संकुल स्तरीय गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में कोलिहादेवरी संकुल के सभी विद्यालय के प्रधानपाठकगण एवं प्रतिनिधिगण ध्रुव कुमार बारिक, बृजलाल नेताम, महेश देवांगन, विवेकानन्द दास, गजेंद्र कुमार भोई, बसंत जगत, दिलीप नायक, नरेश सामल उपस्थित रहे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 11 को रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 11 जून को प्रदेशभर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम "गिव ब्लड, गिव होप: टुगेदर वी सेव लाइव्स" के संदेश को लेकर यह आयोजन राज्यभर में आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को आरोग्य मेलों के अंतर्गत इन कार्यक्रमों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन में रक्तदान के लिए पंजीकरण, शपथ ग्रहण समारोह, जनजागरूकता रैलियाँ और उत्कृष्ट रक्तदाताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। गाँवों में भी कार्यक्रमों को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच की अगुवाई में रक्तदान शपथ समारोह आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों को यह शपथ हिंदी, अंग्रेज़ी और स्थानीय भाषाओं में दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त युवाओं और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से रैलियाँ, पोस्टर प्रदर्शनी और अन्य जनजागरूकता गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।विभाग ने स्पष्ट किया कि इस पहल को एक जन-आंदोलन का रूप देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मानवसेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# 629 में सिर्फ 246 ने ही दी ज्वॉइनिंग, गड़बड़ियों की बाढ़

## युक्तियुक्तकरण : जिला शिक्षा कार्यालय में शिकायतों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण की पूर्ण तैयारी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा समय रहते ना किए जाने का खामियाजा अब शिक्षक भुगत रहे हैं। काउंसिलिंग के पांच दिनों पश्चात भी शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। जिन 629 शिक्षकों को अतिशेष घोषित करके स्थानांतरित किया गया था, उनमें से सिर्फ 246 ने ही सोमवार तक ज्वॉइनिंग दी थी। शेष का इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा जिला शिक्षा कार्यालय से लेकर लोक शिक्षण संचालनालय तक में शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। जिला शिक्षा कार्यालय में सोमवार को दो दर्जन से अधिक शिक्षक अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इस कारण यहां गहमा-गहमी का माहौल रहा।

- **सीनियर को बना दिया जूनियर, जहां अतिशेष नहीं वहां से भी तबादले**



### जिले से बाहर भेजे गए जीव विज्ञान के 14 शिक्षक

अव्यवस्थाओं का आलम ऐसा है कि रविवार के दिन भी काउंसिलिंग हुई। सूत्रों के अनुसार, जीव विज्ञान के 14 शिक्षकों को रायपुर से बाहर भेज दिया गया है। इनमें से अधिकतर महिलाएं हैं। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत अतिशेष शिक्षकों को उनके जिले में ही पोस्टिंग देने की बात कही गई थी। ऐसे में इन्हें स्टेट कैडर के दायरे में रखकर अन्य जिलों में भेजा गया है।

### इस तरह की शिकायतें

सोमवार को जिला शिक्षा कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे एक शिक्षक ने बताया कि उनका नाम अतिशेष में आया है। काउंसिलिंग के दौरान उन्होंने दूसरे विद्यालय का चयन कर लिया, लेकिन बाद में पता चला कि उनके जूनियर का नाम अतिशेष में नहीं रखा गया है। जूनियर का तबादला नहीं हुआ, जबकि उनका कर दिया गया। कई शिक्षक नियुक्तिपत्र नहीं मिलने की शिकायत लेकर भी पहुंचे रहे। एक अन्य शिक्षक को वहां भेज दिया गया, जहां पद ही रिक्त नहीं है। अर्थात शिक्षक को अतिशेष बताकर निकाला गया और दूसरे विद्यालय में अतिशेष बनाकर ही भेज दिया गया।

# जमीन हड़पने और धर्मांतरण से चिंतित प्रदेश के मठ व मंदिर, मिलकर बनाएंगे महाट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों में रसूखदारों और अफसरों ने मंदिर को भी नहीं बख्शा। जैतूसाव मठ की जमीन का फर्जी ढंग से मुआवजा ले लिया गया। इस घटना से सबक लेते हुए प्रदेश के सभी मंदिरों और मठों ने बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेशभर के मंदिर मिलकर महाट्रस्ट बनाएंगे। गौरतलब है कि भारतमाला प्रोजेक्ट की जद में जैतूसाव मठ की जमीन भी आई थी। जमीन के बदले ट्रस्ट को मुआवजा दिया जाना था, लेकिन रसूखदारों की साजिश से फर्जी लोगों ने मुआवजा हड़प लिया। आरोपी पकड़े तो गए, लेकिन अब तक ट्रस्ट को राशि वापस नहीं मिल सकी।

जैतूसाव मठ की जमीन के साथ बंदरबांट की घटना ने प्रदेशभर के मठ मंदिरों को परेशान कर दिया है। उक्त घटनाक्रम को देखते हुए अब प्रदेश के सभी मठ, मंदिर और ट्रस्ट मिलकर महाट्रस्ट बनाने जा रहे हैं। महाट्रस्ट के बैनरतले जून के अंतिम सप्ताह में रायपुर में बड़ा प्रदर्शन भी होने जा रहा है। मठ-मंदिरों के सचिव और प्रमुख ट्रस्टी महाट्रस्ट में सदस्य बनाए जाएंगे। महाट्रस्ट सभी मठ मंदिरों की संपत्तियों को बचाने लड़ाई लड़ेगा।

### धर्मांतरण के खिलाफ चलाएंगे अभियान

धर्मांतरण के खिलाफ भी महाट्रस्ट प्रभावी कदम उठाएगा। जागरुकता अभियान की शुरुआत की जाएगी। जून के अंतिम सप्ताह में महाट्रस्ट द्वारा रायपुर में भव्य प्रदर्शन करने की तैयारी है। माह के अंत तक मंदिर से जुड़े साधु-संतों के साथ ही पूरे देश एक हजार साधु व नागा साधु रायपुर में एकत्रित होंगे। उनकी उपस्थिति में संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा कर राजस्व अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इसके अलवा महाट्रस्ट मंदिरों के माध्यम से संस्कृत पाठशाला, वेदशाला के संचालन में भी मदद करेगा। विभिन्न मंदिरों के पदाधिकारियों का कहना है कि रोजाना ट्रस्टी कोर्ट कचहरी के चक्कर लगा रहे हैं, जिससे मंदिर में भगवान की सेवा प्रभावित हो रही है।

## दिल्ली जाना सस्ता, वापसी का किराया महंगा, देने पड़ रहे 21 हजार रुपए तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से इन दिनों दिल्ली जाना तो सस्ता है, मगर वापसी के लिए दोगुनी राशि खर्च करनी पड़ रही है। मंगलवार को रायपुर से दिल्ली का फेयर 7500 के लगभग है, मगर रिटर्न टिकट के लिए 21 हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। इसी तरह हैदराबाद, इंदौर सहित कुछ अन्य शहरों से वापसी का किराया महंगा है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अब स्कूल की छुट्टियां खत्म होने वाली हैं, इसलिए बाहर गए परिवारों की वापसी की दौर शुरू हो गया है। इसकी वजह से विभिन्न शहरों से रायपुर वापसी की फ्लाइट के लिए यात्रियों को काफी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में स्कूल खुलने के साथ बारिश का दौर भी शुरू हो जाएगा, जिससे हवाई यात्रा की स्थिति सामान्य हो जाएगी। अभी शहर से जाने के बजाए लौटने वालों की संख्या अधिक है। इसकी वजह से शहर वापसी का किराया अधिक है। मंगलवार को रायपुर से दिल्ली जाने का टिकट 7500 में मिल रहा है, वहीं वापसी के लिए 20 से 21 हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं।

जिला केमिस्ट संघ भी विरोध में उतरा

# फार्मेसी काउंसिल की शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फार्मेसी काउंसिल द्वारा पंजीयन और नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध में भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है। वहीं शुल्क वृद्धि के खिलाफ जिला केमिस्ट संघ ने भी मोर्चा खोल दिया गया है। उसका तर्क है कि बेरोजगार फार्मासिस्टों और छोटे दवा दुकानदारों पर इससे अनावश्यक बोझ लादा जा रहा है। शुल्क में वृद्धि के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग गई है।

छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल की सामान्य सभा की बैठक में पंजीयन से लेकर नवीनीकरण के शुल्क में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया था, जिसका चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। काउंसिल के निर्वाचित सदस्य भगतराम शर्मा तथा पदेन सदस्य मेडिकल डॉ. राकेश गुप्ता ने चेतावनी दी है कि सप्ताहभर के भीतर शुल्क बढ़ाने के निर्णय को वापस नहीं लिया जाता है, तो फार्मासिस्टों के समर्थन में भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने आरोप लगा है, शुल्क बढ़ोतरी के साथ काउंसिल के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा स्वयं की सुविधा के लिए टीए, डीए को दोगुना करने का फैसला लिया गया है। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव से की गई है। दूसरी रायपुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने भी इस शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। अध्यक्ष विनय कृपलानी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी विग एवं सचिव संजय रावत ने कहा कि स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा पिछले दिनों पंजीयन, नवीनीकरण एवं अन्य कार्यों के शुल्क में निर्धारित शुल्कों से अनेकों गुना तक वृद्धि कर दी है गई जो कि अनुचित है। इस वृद्धि से छत्तीसगढ़ के समस्त फार्मेसिस्ट आक्रोशित है। बेरोजगार फार्मासिस्ट के हित में इस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि आज छोटे चिल्हर दवा विक्रेताओं और अस्पताल चिकित्सकों द्वारा संचालित दवा दुकानों से बुरी तरह प्रभावित है।

## मुख्यमंत्री साय के साथ भोजन करने का भी मौका देने का किया था भाजपा संगठन ने वादा

# भाजपा के तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का अब तक सम्मान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था।

सदस्यता अभियान समाप्त होने के पांच माह बाद भी अब तक कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं किया गया है और उनको सीएम के साथ भोजन करने का मौका भी नहीं मिला है। इस माह भी लगातार कार्यक्रम होने के कारण कार्यकर्ताओं के सम्मान की संभावना नहीं है। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देशभर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ, तो सब इसमें लग गए।




## खबर संक्षेप



### खरोरा में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में मंगलवार को पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। जहां शक्तिपुत्र महाराज के निर्देश पर मां दुर्गा की महाआरती एवं जयकारे लगाकर महाआरती की गई। भगवती मानव कल्याण संगठन के टीम प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं। दुर्गा चालीसा का पाठ करने से सभी सुख शांति प्राप्त होते हैं। पांच घंटे अखंड दुर्गा चालीसा पाठ में ग्रामवासी शामिल हुई।

### खरोरा के लोगों को मिल रहा तीन माह का चावल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में एक जून से 2025 तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इस उत्सव के दौरान प्रदेश के 81 लाख से अधिक



राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त इन तीनों महीने का चावल एकमुश्त वितरित किया जा रहे हैं। ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3 के पंच त्रिवेणी चंद्राकर ने कहा कि राज्य शासन ने प्रदेश के 13928 उचित मूल्य दुकानों को चावल का आबंटन जारी कर दिया है। सभी दुकानों में चावल का भंडारण का काम तेजी से जारी है। ताकि, वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। अफसरों का कहना है कि इस पहल से दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों तक समय पर खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है।

### जिला फिटनेस मेडिकल बोर्ड 13 जून को

**महासमुंद।** कबीर जयंती पर बुधवार 11 जून 2025 को राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक, सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय ने बताया कि अवकाश के कारण बुधवार 11 जून को चिकित्सालय में आयोजित होने वाले जिला दिव्यांग मेडिकल बोर्ड को शुक्रवार 13 जून को आयोजित होने वाले जिला फिटनेस मेडिकल बोर्ड के साथ समेकित रूप से आयोजित किया जाएगा।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 को

**महासमुंद।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 जून 2025 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय महासमुंद के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण सम्मिलित होंगे। बैठक में कर्मचारियों से संबंधित नवीन विषयों पर विचार-विमर्श कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कर्मचारी संघों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों एवं मांगों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं संघ प्रतिनिधियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### राजश्री ठाकुर का निधन



**महासमुंद।** शहर के गंजपारा निवासी श्रीमती राजश्री ठाकुर का आकस्मिक निधन 10 जून, मंगलवार को हो गया। वे इंदरसिंह ठाकुर की धर्मपत्नी एवं सोमिल, ज्ञानेश ठाकुर की चाची, अराध्या ठाकुर की मां थी।

**आयोजन: शिविर में किसानों को उन्नत धान बीज का किया गया वितरण**

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रोहिना में लगा कृषक चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली(ग्रामीण)

2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में 12 जून तक विभिन्न स्थानों पर कृषक चौपाल व शिविर का आयोजन रखा जा रहा है। इसी क्रम में बसना विखं के ग्राम रोहिना में कृषक चौपाल एवं कृषक प्रशिक्षण जागरुकता शिविर का आयोजन रखा गया। शिविर में कृषकों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी दी गई। वहीं कई किसानों ने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखा जिसका समाधान भी किया गया।



इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद के वैज्ञानिक डॉ कुणाल चंद्राकर ने मृदा स्वास्थ्य जांच के महत्व को बताते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही प्रमाणित बीजों का उपयोग करते हुए कीट नियंत्रण की जैविक एवं यांत्रिक विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन एवं जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए प्रकृति को संरक्षित करते हुए कृषि कार्य करने की सलाह दी। साथ ही रासायनिक उर्वरक से हो रहे दुष्प्रभाव को कम करने के लिए जैविक एवं कंपोस्ट खाद का उपयोग अधिक करने की अपील की। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी यूके खेस ने किसानों को खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक की विज्ञान आधारित कृषि प्रक्रियाएं समझाई। प्रधानमंत्री फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की भी जानकारी दी। एचडीओ डीके राठिया ने कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी खेती करने की सलाह दी। खास कर ऑयल पॉम, फल, फूल एवं मसाले की खेती करने के लिए शासन द्वारा दी जा रही अनुदान राशि की जानकारी दी। डॉ सत्यप्रकाश साहू ने पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

शिविर में किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा स्वर्णा धान बीज का वितरण कृषक कुंतल साहू, हलधर पटेल, छबीलाल, नंदकुमार, विजय पटेल को किया गया। शिविर में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी होमेश ध्रुव, कमल नारायण निषाद, सहकारी समिति रोहिना प्राधिकृत अध्यक्ष बनितराम सिदार, रोहिना सरपंच धनुर्जय मरकाम, उप सरपंच त्रिनाथ सेठ, दुर्गापाली सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पटेल, समिति प्रबंधक सीताराम चौधरी, पूर्व जनपद सदस्य सोहन पटेल एवं मनभजन पटेल, कृषक कमलेश साहू, दिवाकर साहू, बसंत नायक, शंभूनाथ यादव, विजय साहू, चूड़ामणि साहू, रामचरण पटेल, वीरेंद्र सेठ, खिरोद्र साहू सहित बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया। किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर अपनी जिज्ञासाएं शांत की और आधुनिक कृषि की प्रगति के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने व तकनीक सक्षम बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हो रहा है। इस अवसर पर किसानों ने डीएपी एवं यूरिया खाद भंडारण में हो रही देरी के लिए कृषि अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। जिस पर कृषि अधिकारी खेस मैडम ने उच्च कार्यलय को फोन कर तत्काल खाद भेजने कहा।

## जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 52 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ एस आलोक ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में ग्राम कोटनपाली बागबाहरा निवासी सदाराम साहू द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने के लिए आवेदन किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारी को शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम झिलमिला महासमुंद के निवासियों द्वारा वन अधिकार पत्र एवं रोजगार गारंटी योजना की बकाया राशि दिलाने के लिए आवेदन किया गया। अजय दास मानिकपुरी द्वारा पंडित दीनदयाल ग्रामीण कृषि मजदूर योजना के तहत राशि दिलवाने हेतु आवेदन किया गया। इसके अलावा पट्टा बेदखली, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नामांतरण त्रुटि, अवैध कब्जा, मुआवजा राशि, साथ ही अन्य मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि, किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शहीद स्मारक समिति द्वारा 9 जून 2011 को नक्सली हमले में शहीद हुए महासमुंद जिले के शहीद राजेंद्र दीवान, शहीद ताराचंद निर्मलकर और शहीद चंदन सिंह पोर्ते को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन शहीद स्मारक में किया गया। इस अवसर पर शहीदों की शहादत को याद करते हुए कई विशिष्ट व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा की शुरुआत शहीद परिवारों और समिति के सदस्यों द्वारा स्मारक परिसर में पुष्प अर्पित करने और दीप प्रज्वलित करने से की गई। इसके बाद, आरती कालसा ने देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। शहीद कमलेश्वर सोनवानी के पिता रामेश्वर सोनवानी ने शहीद स्मारक समिति की सराहना करते हुए शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। समिति के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र सलूजा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभा के माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इसके बाद ग्राम जामपाली के रामलाल ध्रुव जो वर्तमान में बलरामपुर जिले में एसडीओपी के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने शहीदों की शहादत और नक्सली हमलों के दौरान पुलिस और सेना के साहस का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों का जल्द ही खात्मा किया जाएगा। सभा के अंत में समिति के वरिष्ठ सदस्य अनंत सिंह वर्मा ने सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समिति की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संतोष गुप्ता ने किया। इस मौके पर शहीद परिवार के सदस्य बृजलाल पटेल, रामेश्वर सोनवानी, समिति के सदस्य रितेश मंहती, कौशल किशोर साहू, एमके साहू, रमेश सोनी, किशोर नायक, शुभम अग्रवाल, सरोज साव, रानी ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### एकमुश्त तीन माह के राशन मिलने से हितग्राहियों में उत्साह : भाऊराम

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



तथा वार्ड 25 के पार्षद भाऊराम साहू ने शासन द्वारा एकमुश्त 3 माह का राशन वितरण योजना का स्वागत करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की निगरानी में महासमुंद विधानसभा के राशन कार्ड गरीब हितग्राहियों को निःशुल्क 3 माह का राशन वितरण किया जा रहा है। एकमुश्त पूर्व तीन माह का राशन मिलने से गरीब राशन कार्ड हितग्राहियों को काफी सुविधा मिलेगी। बरसात के मौसम में भीगते हुए राशन दुकानों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस योजना से गरीब हितग्राहियों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क राशन वितरण से सरकार का अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने की जो संकल्प है वह साकार होते दिख रहा है। सुशासन की सरकार में आज समस्त योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को अग्रिम रूप से मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मेरे वार्ड में हितग्राहियों को एकमुश्त तीन माह का राशन वितरण कार्य के शुभारंभ के दौरान हितग्राहियों में भारी उत्साह व खुशी की लहर देखा गया।



### पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा को किया याद

**महासमुंद।** बीटीआई रोड स्थित बूढ़ादेव भवन में 9 जून को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के सहायक प्राध्याक जगदीश खटकर, विशेष अतिथि बेमचा हायर सेकंडरी स्कूल के व्याख्याता तुलेंद्र सागर, अध्यक्षता एसपी ध्रुव संयुक्त सचिव छग अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद एवं सदस्य समन्वय मंच, नीलकंठ साहू मास्टर ट्रेनर कराते संघ समेत बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए।

### 12 पदों पर एनएचएम में पदस्थ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट को समायोजन करने की मांग



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 पदों पर भर्ती की जा रही है। इस पद की योग्यता छग राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय में क्लिनिकल साइकोलॉजी में स्नातकोत्तर उपाधि नहीं दी जाती। छग राज्य समस्त विश्वविद्यालय मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री देती है, जिसमें विशिष्टता के तौर पर क्लिनिकल साइकोलॉजी या एजुकेशन साइकोलॉजी में डिग्री प्राप्त करते हैं। इस पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय में पदस्थ समस्त क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग और आयुक्त सह संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग अटल नगर नया रायपुर जाकर इन सभी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही एनएचएम में पदस्थ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट समायोजन सहित प्राथमिकता एवं अनुभव के अंक प्रदान करने की मांग रखी। छग लोक सेवा आयोग ने किसी प्रकार के अनुभव के अंक जिक्र नहीं है, ऐसे में जिलों में पदस्त क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट 5-10 वर्षों से सेवा दे रहे है की स्थिति गंभीर हो सकती है। जिलों में पदस्थ क्लिनिकल साइकोलॉजी का कहना है कि इस पद के लिए छत्तीसगढ़ शासन को विश्वविद्यालय में संचालित डिग्री के आधार पर योग्यता बनाई जाए, जिसे छत्तीसगढ़ राज्य के परीक्षार्थियों को लाभ मिल सके। साथ ही एनएचएम में पदस्थ समस्त क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट को समायोजन सहित प्राथमिकता एवं अनुभव अंक दिया जाए।

## संकुल केंद्र देवरी में हुई संकुल स्तरीय विशेष बैठक

बागबाहरा। संकुल केंद्र देवरी में 10 जून को संकुल स्तरीय विशेष बैठक आयोजित किया गया। संकुल प्राचार्य डोमन सिंह टंडन की अध्यक्षता एवं संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी की उपस्थिति में हुई इस बैठक में सर्वप्रथम नवपदस्थ शिक्षकों का पुष्प गुच्छ गुलाल से स्वागत किया गया। दीपक साहू द्वारा टीबीसी एप्प में पाठ्य-पुस्तकों की स्कैनिंग की जानकारी दी गई। नेशलाल धृतलहरे द्वारा शिक्षकों को शाला कैलेंडर एवं शिक्षा में गुणवत्ता लाने कार्ययोजना बनाने की जानकारी दी गई। डोमन सिंह टंडन प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों को समय सारिणी का पालन करने, दैनंदिनी, शाला विकास योजना तैयार कर शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने निर्देशित किया गया। अंत में संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी द्वारा सभी शिक्षकों को टीम वर्क की तरह कार्य करने, नवाचार, शाला प्रवेशोत्सव का प्रचार प्रसार, मध्याह्न भोजन व्यवस्था को दुरुस्त करने, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों एवं गणवेश का सभी बच्चों तक उपलब्धता, विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ शिक्षक बलराम चंद्राकर, दीपक कुमार साहू, मनमोहन टंडन, ज्ञानिक सिंह दीवान, भागवत टंडन, ओमकुमार दीवान, नोहर महिलांग, चोवाराम सेन, भावसिंह ध्रुव, घनश्याम अहिर, मधु कुमार साहू, ईश्वर लाल दीवान, नूतन चंद्राकर, वेदबाई ठाकुर शिशु मंदिर देवरी एवं समस्त संकुल शाला परिवार उपस्थित थे।





### आगामी शिक्षा सत्र से शाला संचालन को लेकर हुई बैठक

**सरायपाली(ग्रामीण)।** संकुल केंद्र दुर्गापाली में संकुल के समस्त संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव के लिए तैयारी, शाला परिसर स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्था कर प्रमाण पत्र देने संबंधी, गणवेश वितरण संबंधी टीबीसी ऐप में पंजीयन एवं एंट्री संबंधी, एक पेड़ मां के 'नाम के तहत वृक्षारोपण, यूडायस में विद्यार्थी प्रोग्रेशन संबंधी,जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी, जादुई पिटारा निर्माण संबंधी विषयों पर नोडल प्राचार्य निमंकर पटेल ने आवश्यक चर्चा करते हुए दिशानिर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मनोरंजन साहू ने किया। बैठक में अक्षय कुमार सिदार, उस्ताद अली, अभिमन्यु चौहान, नरसिंह पटेल, शोभनाथ मांझी, दिनेश साहू, रामकुमार मैत्री, केशर खटकर, ममता पटेल और ममता सिदार उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### शहीद एएसपी गिरपुंजे को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद**। कोंटा डिविजन के एडिशनल एसपी आकाश राव गिरपुंजे के ऊपर नक्सलियों द्वारा किए गए कायरना बम बलास्ट में शहीद होने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने घटना की घोर निंदा की और कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नही जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार के नक्सली समाप्त आपरेशन और ज्यादा कठोर होगा। राठी ने कहा कि आकाश राव गिरपुंजे महासमुंद जिला में अपनी सेवाएं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में दी थी। वे एक जिंदादिल व्यक्तित्व के धनी थे। बड़े से बड़े मामलों को हंसते हुए सुलझाने में महारथ हासिल थी।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन 26 तक

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं। जिला कार्यालय व संचालनालय में राज्य खेल संघो से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण सम्मान हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।



### खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद**। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना 2025-26 के अंतर्गत इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना में राईस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला निर्माण, बेकरी प्रोडक्ट्स, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़, बड़ी, नमकीन, अचार, सॉस, जैम, जेली, शहद, गुड़, चॉकलेट, मिठाई एवं कन्फेक्शनरी जैसी सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां पात्र हैं। इस योजना के तहत नवीन इकाई की स्थापना एवं पूर्व स्थापित इकाई के विस्तार/उन्नयन को पात्रता दी जाएगी। इसके लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को परियोजना लागत का अधिकतम 35 प्रतिशत की दर से 'क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान अधिकतम 10 लाख तक की पात्रता होगी। लाभार्थी का अंशदान परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अनिवार्य है, शेष राशि बैंक ऋण के माध्यम से आपूर्ति की जाएगी।

# अघरिया सदन का हुआ लोकार्पण, वार्षिक अधिवेशन में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत मचेवा में रविवार को अखिल भारतीय अघरिया समाज के नवनिर्मित अघरिया सदन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज उषा पटेल के अतिविशिष्ट आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, सभापति जिला पंचायत महासमुंद नैन पटेल, देवकी प्रकाश पटेल, सदस्य्य जिला पंचायत जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, सभापति जनपद पंचायत महासमुंद महेंद्र कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत मचेवा प्रमिला संजय ध्रुव, संयोजक अभाअस होरीलाल पटेल के विशिष्ट आतिथ्य तथा अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद के अध्यक्ष परसराम पटेल की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर सांसद एवं विधायक मद से प्राप्त सामुदायिक भवन का भी भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के इष्ट देव योगेश्वर भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गीता पटेल के कृष्ण के स्तुति एवं मंत्रोच्चार के पश्चात समाज के वार्षिक सभा का शुभारंभ हुआ। महासमुंद के अध्यक्ष परस राम पटेल ने अपने स्वागत भाषण में मंचीय अतिथियों एवं स्वजातीय बंधुओं का स्वागत करते हुए सामाजिक गतिविधियों का प्रतिवेदन



एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। समाज के सचिव देवा पटेल ने वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी। कार्यक्रम में महासमुंद क्षेत्र के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ठ अंक लाने वाले समाज के 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों, नीट परीक्षा में चयनित देवेंद्र पटेल तथा समाज से निर्वाचित 04 जिला पंचायत सदस्यों, 01 जनपद सदस्य, 08 सरपंच, 08 उपसरपंच तथा 03 सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्षों का मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के कर कमलों से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कीर्ति पटेल, तमन्ना नायक, मिस्ठी पटेल, रोली नायक ने वार्षिक अधिवेशन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी।

इस मौकेप र मुख्य अतिथि सांसद ने ने क्षेत्र की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए सामाजिक एकता बनाकर अघरिया समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए सतत कार्य करते रहने की अपील की। कार्यक्रम में समाज के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य्य रोशन लाल पटेल, सरपंच श्याम बाई पटेल, भोजकुमारी पटेल, दुर्गादेवी पटेल, चंपा पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमसागर पटेल, कोषाध्यक्ष जीतराम पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि जयराम पटेल,नारायण चौधरी, देवा पटेल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नारायण चौधरी तथा आभार प्रदर्शन हेमसागर पटेल ने किया।

## चर्चा : सीइओ आलोक ने की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# मोर गांव-मोर पानी अभियान की तैयारियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने समय सीमा की बैठक लेकर विकसित कृषि संकल्प यात्रा एवं एकमुश्त चावल वितरण, एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू एवं रविराज ठाकुर अनुविभागीय अधिकारीगण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सीईओ एस आलोक ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने विकासखंडों के चयनित ग्रामों में शिविर आयोजन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। इसके साथ ही शिविरों की तिथि वार सूची, लाभार्थी प्रगति विवरण व पालन प्रतिवेदन को भी समय पर उच्च कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिले में 15 जून से 30 तक शिविरों के माध्यम से विशेष जनजाति परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए गए। पीएम जनमन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड एवं केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तैयारी के लिए विशेष निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए गए हैं। इस वर्ष योग संगम एवं हरित योग थीम पर योग दिवस मनाया जाएगा। साथ ही इसे योग सप्ताह के रूप में इसे मनाया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति अंतर्गत जिले के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए निर्धारित तिथि 09 से 12 जून तक आवेदन लेने सभी प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा की गई। कृषि उप संचालक ने बताया कि 12 जून को अभियान का अंतिम दिवस है। अभी तक 66 ग्राम पंचायतों में 66 शिविर लगाए गए। सीईओ एस आलोक ने जून माह में चावल का एकमुश्त वितरण प्रक्रिया पर खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि 30 जून तक 3 माह (जून, जुलाई एवं अगस्त) का चावल वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भंडारण के लिए अनुविभागीय अधिकारी विशेष ध्यान दें एवं सुरक्षित स्थानों का चयन करके समुचित भंडारण करें। साथ ही राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।




### पत्र भेज कर विभाग से मंगवाए पौधे

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों ने अभी तक मांग पत्र नहीं भेजा है वे आज ही मांग पत्र भेजकर वन विभाग से पेड़ मंगवाए और उसका रोपण सुनिश्चित करें। यह अभियान 5 जून से 30 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, तालाबों, प्रधानमंत्री आवासों के आसपास एवं माइनिंग क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाया जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत सभी जनपदों के तकनीकी सहायकों को कम से कम 25 जल संरचनाओं के निर्माण का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए गए एवं सोख्ता गड्ढा निर्माण की समीक्षा की गई। जनभागीदारी की सहायता से सभी प्रधानमंत्री आवास, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रां, पंचायतों, छात्रावासों और स्कूलों में सोख्ता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग, स्वामित्व योजना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समीक्षा की। साथ ही बैठक में पीएम आवास, नशामुक्ति अभियान, टीबी मुक्त अभियान, उल्लास कार्यक्रम आदि की समीक्षा की गई।

## सीसी रोड निर्माण के लिए नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**महासमुंद**। स्थानीय वार्ड 27 स्थित जगत विहार कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका के सभापति, पार्षदों तथा नागरिकों की उपस्थिति विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कर अध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है। पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में हाई मास्ट लाइट, नाली, सड़क निर्माण तथा पेयजल व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित कार्य करने की दिशा में कार्य हो रहा है। आज इस वार्ड में सीसी रोड निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। हमारा प्रयास शहर को विकास की दिशा में अग्रसर करना है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद गुलशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सहायता प्रदान



**महासमुंद**। हाल ही में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में महासमुंद विकासखंड के उच्च प्राथमिक शाला परसाडीह के शिक्षक सुजीत कुमार मन्नाडे का असमय निधन हो गया। इस दुखद घटना से शिक्षा परिवार शोकाकुल है। स्वर्गीय मन्नाडे की पत्नी निर्मला मन्नाडे को शासन की संवेदनशील योजनाओं के अंतर्गत पचास हजार रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि आज उनके निवास पर पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक निर्वाण दास मानिकपुरी, सहदेव राम ध्रुव एवं प्रधान पाठक रीना वासनिक भी उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना की राशि का नहीं हो रहा नियमित भुगतान:निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ नियमित राशि भुगतान व नए पंजीयन के लिए पोर्टल शुरू करने की मांग

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में प्रत्येक माह नियमित राशि प्रदान करने तथा नवविवाहिताओं को भी योजना का लाभ प्रदान करने शीघ्र पोर्टल शुरू करने की मांग शासन से की है। नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि यह जानकारी मिल रही है कि विगत 3 माह से अनेक हितग्राहियों को राशि नहीं मिल पाई है। शहर के अनेक माताओं-बहनों ने उन्हें बताया है कि उनके बैंक खाते में महतारी वंदन की राशि 2-3 माह से नहीं आई है, जिससे उन्हें बार-बार बैंकों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। साहू ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद से प्रदेश में आधे से अधिक माताओं-बहनों के बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की राशि आना बंद हो गया है। पोर्टल शुरू नहीं होने से नए हितग्राही तो लाभ से वंचित हैं ही, साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बताकर उनका नाम लाभार्थी सूची से लगातार हटाया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान भी लगभग सभी जिलों में महतारी वंदन योजना में लाभ के लिए नाम जुड़वाने बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने आवेदन किये हैं। साथ ही अनेक महिलाओं ने राशि आना बंद होने की शिकायत भी की। लेकिन, इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पा रहा है। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि सरकार दावा करती है कि प्रदेश के 70 लाख से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। यह दावा वर्तमान में जो स्थिति है, कोरा साबित हो रहा है। अनेक महिलाएं ऐसे हैं जिनके बैंक खाते में शुरू-शुरू के दो-चार महीने के बाद राशि आना ही बंद हो गया। वहीं, पेंशन धारी बुजुर्ग, विधवा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन धारी महिलाओं को 500 रुपए काटकर राशि दिया जा रहा। जो इन निराश्रितों के साथ अन्याय है। विधवा, पेंशनधारी बुजुर्ग, निराश्रित, परित्यक्ता महिलाओं को इस राशि की और अधिक आवश्यकता है। नियमतः इन्हें 1000 रुपए महतारी वंदन योजना के तहत तथा 500 रुपए निराश्रित पेंशन मिलाकर 1500 रुपए प्रदान करना चाहिए। लेकिन, सरकार के बनाए नियम महिलाओं के हक के आड़े आ रहा है। साहू ने शासन ने मांग की है कि गत 2-3 माह से अप्राप्त राशि को शीघ्र प्रदान कर नए पंजीयन के लिए पोर्टल भी जल्द से जल्द शुरू हो ताकि, समस्त पात्र हितग्राही को योजना का समुचित लाभ मिल सके।

# महासमुंद से तुमगांव रोड चौड़ीकरण के नाम पर काटे जा रहे हरे-भरे पौधेः रश्मि चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कुछ दिन पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस पर एक ओर जगह-जगह पौधरोपण किए जा रहे थे, एक पौधों के साथ दर्जनों लोग सेल्फी और फोटो भी खींच रहे थे और कह रहे थे एक पेड़ मां के नाम। इस बीच महासमुंद जिले में तुमगांव से महासमुंद तक रोड चौड़ीकरण जो हो रही है, उसमे सालों पुराने हरे-भरे वृक्षों को काटा जा रहा हैं। कुछ बुजुर्गों ने जिन्होंने इन पेड़ों में से कुछ को अपने सामने छोटे से बड़ा होता देखा था, उन्हीं के सामने जब इन पेड़ों को काटा जा रहा था तो वे सिर्फ इन पेड़ों को सिर्फ कटता हुआ ही देख सकते थे। इस मार्ग में छोटे-बड़े हरे-भरे वृक्षों को जड़ से काटकर अलग किया जा रहा है और अभी भी बचे पेड़ों की कटाई जारी है। शहर में सड़क किनारे लगे पेड़ न केवल हरियाली के लिए जरूरी थे, बल्कि गर्मी के दिनों में ये पेड़ राहगीरों के लिए दो पल आराम देने का भी काम करते थे। यदि पेड़ों को हटाना ही एकमात्र विकल्प था तो इन पेड़ों की अन्यत्र शिफ्टिंग की प्रक्रिया की जा सकती थी।

मौजूदा समय मंड महासमुंद में पेड़ों की कटाई को लेकर महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर कहते हैं किपेड़ों को शिफ्टिंग करने को लेकर भाजपा सरकार को पहल करना चाहिए। साय सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा और महासमुंद ही क्यों, पूरे छत्तीसगढ़ में पेड़ों को शिफ्टिंग किया जा सकता है। पेड़ों को काटने की जरूरत ही नहीं है, शासन पेड़ों को शिफ्टिंग करने को लेकर टेंडर निकाले और इस तकनीक को बढ़ावा दे। इसका विरोध भी नहीं होगा और पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। दुनियाभर में ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ने का एक बड़ा कारण सरकार विकास के नाम से बड़े पैमाने पर जंगलों का कटाव करवा रहा है। इसके चलते वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि हो रही है और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव और भी ज्यादा बढ़ रहा है। इस वजह से कई ऐसी जगहों पर भी सूखा पड़ रहा है, जहां कभी हरियाली हुआ करती थी और वहां पर भी पेड़ खत्म हो रहे हैं। जब से भाजपा सरकार प्रदेश में आई है हसदेव जंगल की कटाई अंधाधुंध हो रही हैं और हसदेव की तरह ही महासमुंद जिले में भी पेड़ों की कटाई हो रही है।

### खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद**। कृषि विभाग द्वारा राज्य के उत्कृष्ट कृषकों को सम्मानित करने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में नवाचार, उत्पादन वृद्धि एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों को प्रदान किया जाता है। आवेदन पत्र जिले के उप संचालक कृषि कार्यालय एवं विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही, कृषि विभाग की वेबसाइट **www.agriportal.cg.nic.in** पर भी यह प्रपत्र उपलब्ध है। निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे आवेदन 31 जुलाई 2025 तक संबंधित कार्यालयों में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर सकते हैं।

## कबीर जयंती पर हुआ संत कबीर की वाणीः समकालीन प्रासंगिकता के संदर्भ में केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# कबीर का साहित्य पके आंवला सा सुस्वादु हैः अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा कबीर जयंती पर संत कबीर की वाणीः समकालीन प्रासंगिकता के संदर्भ में पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल शामिल हुई। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो ब्रजकिशोर शर्मा एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सोमदत्त काशीनाथ मॉरीशस ने की।

विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य अनुसुइया ने कहा कि पके आंवला को चखिए, बड़ा कसैला लगेगा। उसके बाद पानी पीजिए तो पानी मीठा लगेगा। कबीर का साहित्य भी वैसा ही समर्थ साहित्य है, जिसे पढ़ने पर पहले तो गहरा विषाद होता है पर पढ़ते-पढ़ते जैसे-जैसे जीवन सामने से गुजरता है, उस जीवन गीत के विषाद रस में कसैलापन खोता जाता है। जीवन के इन तीखे अनुभव को कबीर के साहित्य में बखूबी महसूस किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम हिंदू मुस्लिम एकता जैसे श्रेष्ठ आचरण को समाज में साकार देखना चाहते हैं। किंतु, यह सार्थक प्रयास तो मध्य युग में महात्मा कबीर ने पहले ही कर दिया है। उनका संदेश मानवता के लिए था। उन्होंने आजीवन मानवता के लिए ही संघर्ष किया।



दक्षा जोशी, अहमदाबाद, ओस्लो नॉर्वे से सुरेश चंद्र शुक्ल शरद आलोक, मोहनलाल वर्मा जयपुर, डॉ. प्रभु चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किए मुख्य वक्ता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि संत कबीर की वाणी, लोक वाणी है। उनकी मान्यता है कि समाज में बदलाव तभी होगा, सभी के अन्दर के राम की पहचान होगी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा दक्षा जोशी ने कहा कि संत कबीर शास्त्र ज्ञान की परम्परा से मुक्त होने के बाद भी अपनी वाणी द्वारा समाज में बदलाव लाने में सफल रहे। उन्होंने प्रेम के ढाई अक्षर से संपूर्ण समाज को भाईचारे का पाठ पढ़ाया। मॉरीशस के शिक्षाविद डॉ सोमदत्त काशीनाथ ने कहा कि दुनिया में जहाँ जहां भारतवंशी गए हैं वहां तक कबीर वाणी पहुंची है। अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद संरक्षक प्रो ब्रजकिशोर शर्मा ने कहा कि रविंद्रनाथ ठाकुर ने विश्व साहित्य को एक महान कवि के रूप में कबीर दास से परिचित कराया था। कबीर क्रांतिकारी कवि थे, वे किसी भी प्रकार के विरोध करने से नहीं डरते थे।

राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी जयपुर ने कबीर की साखियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शरीर नश्वर है, जिस पर गर्व करना उचित नहीं है। सुषमा पुणे महाराष्ट्र ने कहा से संत कबीर महान समाज सुधारक थे। आयोजन की शुरुआत सरस्वती वन्दना श्वेता मिश्रा बरेली ने की। डॉ. अरुणा शुक्ला इंदौर ने संत कबीर के दोहे प्रस्तुत किए। प्रदेश महाराष्ट्र संयोजक डॉ. मुमताज पठान ने स्वागत भाषण तथा प्रस्तावना में संत कबीर के व्यापक प्रभाव की चर्चा की। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल डॉ हरिसिंह पाल, नागरी लिपि परिषद दिल्ली, ममता सक्सेना, डॉ अरुणा शुक्ला, रीना गोरखपुर, सुवर्णा जाधव पुणे, डॉ अनिता तिवारी विजयलक्ष्मी, शहनाज शेख नांदेड़, भरत दवे, सविता वास्तव, सरोज दवे सवि, सोनू कुमार पटना आदि उपस्थित थे। संचालन श्वेता मिश्रा बरेली एवं संस्था के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ प्रभु चौधरी ने आभार प्रदर्शन किया।

